आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 06.11.2026 समय 1305

मुख्य समाचार :

- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज प्रदेश को एक हजार 475 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड फिल्म नीति–2024 के तहत वर्ष 2024 और 2025 के लिए चयनित फिल्मों और कलाकारों को फिल्म पुरस्कार दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों के तहत उत्तराखंड के खिलाड़ियों के लिए दीपावली के बाद विशेष प्रशिक्षण शिविर होंगे शुरू; बेहतर प्रदर्शन के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी आवश्यक सुविधाएं।
- **और,** दीपावली से पहले बागेश्वर में खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने मिठाइयों और खाद्य तेल की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल लिए।

सौगात

उत्तराखंड राज्य स्थापना के 26 वर्ष पूरे होने के अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज प्रदेश को एक हजार 475 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी। देहरादून के परेड मैदान में आयोजित उत्तराखंड राज्योत्सव कार्यक्रम में श्री शाह ने इन योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं, सड़क संपर्क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और जनसुविधाओं के विस्तार को गति मिलने की उम्मीद है।

केंद्रीय गृह मंत्री आज दोपहर में पुलिस लाइन में उत्तराखंड पुलिस के राष्ट्रपति निशान अलंकरण समारोह में शामिल होंगे। उनके दौरे के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं और विशेष यातायात व्यवस्था लागू की गई है।

मंजूरी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड फिल्म नीति–2024 के तहत वर्ष 2024 और 2025 के लिए चयनित फिल्मों और कलाकारों को फिल्म पुरस्कार दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रसिद्ध लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी को वर्ष 2024 और अभिनेता हेमंत पांडे को वर्ष 2025 के लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। एक रिपोर्ट–

वर्ष 2024 में गढ़वाली फिल्म 'घपरोल' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं, फिल्म 'कारा एक प्रथा' के लिए रमेश रावत को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और शिवानी भंडारी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री

चुना गया है। जौनसारी फिल्म 'मेरे गांव की बाट' के लिए मधुबाला को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री और अजब सिंह को सर्वश्रेष्ठ गायक का पुरस्कार मिलेगा।

वर्ष 2025 में हिंदी फिल्म श्रेणी में 'मनु क्या करेगा' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म चुना गया है। वहीं, 'केसरी चौप्टर–2' को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक, अभिनेता, अभिनेत्री, पटकथा लेखक, सहायक अभिनेता और गायक सहित विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। इस फिल्म के लिए अक्षय कुमार, अनन्या पांडे, आर. माधवन और जुबिन नौटियाल को भी सम्मानित किया जाएगा।

उत्तराखण्डी बोली की फिल्मों में गढ़वाली फिल्म 'रैबार' को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार मिलेगा। वहीं, फिल्म 'द्वि होला जब साथ' के लिए मनीष डिमरी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और कल्याणी गंगोला को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री चुना गया ळें

पुरस्कारों के तहत सर्वश्रेष्ठ फिल्म को दो लाख रुपये, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक को डेढ़ लाख रुपये और अन्य प्रमुख श्रेणियों में चयनित कलाकारों एवं तकनीकी विशेषज्ञों को एक–एक लाख रुपये दिए जाएंगे।

आका"ावाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से यो"िता पाण्डेय

<u>सरस मेला</u>

हल्द्वानी में आगामी 24 नवम्बर से 3 दिसम्बर तक सरस मेला का आयोजन किया जाएगा। जिला ग्राम्य विकास अभिकरण की सहायक परियोजना निदेशक चंदा फर्त्याल ने बताया कि मेले में नैनीताल जिले के 29 और 78 व्यवसायिक स्टालों सहित कुल 250 स्टाल लगाए जाएंगे। इसमें उत्तराखण्ड के पारंपरिक उत्पादों के स्टाल भी शामिल होंगे।

मेले में सभी सरकारी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार–प्रसार, स्वंय सहायता समूहों के उत्पादों के क्रय–विक्रय के लिए क्रेता–विक्रेता सम्मेलन व गोष्ठियां का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेले में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए शैक्षिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

विशेष प्रशिक्षण शिविर

उत्तराखंड ने आगामी 39वें राष्ट्रीय खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दीपावली के बाद विशेष प्रशिक्षण शिविर शुरू किए जाएंगे।

इस संबंध में विशेष प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण अमित कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में खेल संघों के प्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण, खेल संघों के साथ समन्वय और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर चर्चा की गई।

श्री सिन्हा ने खेल संघों से खिलाड़ियों की सूची और प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं का विस्तृत ब्योरा उपलब्ध कराने को कहा। इसमें प्रशिक्षकों, फिजियोथेरेपी, खेल पोषण और उपकरणों की जरूरत भी शामिल है। उन्होंने कहा कि विशेष प्रशिक्षण शिविरों में खिलाड़ियों की तकनीकी दक्षता, शारीरिक क्षमता और खेल कौशल को बेहतर बनाने पर ध्यान दिया जाएगा। साथ ही सभी खेल विधाओं के खिलाड़ियों की जरूरतों का प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण अभियान

दीपावली के त्योहार को देखते हुए बाजारों में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग ने निरीक्षण अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में बागेश्वर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने नगर क्षेत्र में मिठाई की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान मिठाइयों की गुणवत्ता, साफ–सफाई और खाद्य सामग्री की वैधता की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान टीम ने कुल छह खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए, जिनमें पांच मिठाइयों और एक खाद्य तेल का नमूना शामिल है। सभी सैंपल जांच के लिए भेजे जाएंगे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता कुमारी ने बताया कि दीपावली के दौरान लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।

वहीं, खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त प्रकाश चंद्र फुलारा ने बताया कि लिए गए सभी छह सैंपलों की जांच कराई जाएगी, जिससे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और निर्धारित मानकों का पता लगाया जा सके।
बाइट 2 प्रकाश चंद्र फुलारा, 24 सेकेण्ड

सतर्कता

दीपावली के दौरान अंधविश्वास और तंत्र–मंत्र के नाम पर उल्लुओं सहित अन्य निशाचर वन्यजीवों के शिकार और तस्करी की आशंका को देखते हुए उत्तराखंड वन विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए विशेष गश्त और पेट्रोलिंग की जा रही है।

राजाजी टाइगर रिजर्व में भी अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। रिजर्व के निदेशक एवं वन संरक्षक डॉ. कोको रोसे ने बताया कि इस पूरे सीजन में नियमित पेट्रोलिंग की जा रही है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश वन विभाग और अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय बनाकर निगरानी रखी जा रही है। वन विभाग की टीमें स्थानीय ग्रामीणों के संपर्क में भी हैं, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वन्यजीवों के शिकार और तस्करी की सूचना तत्काल मिल सके।

धनतेरस

प्रदेशभर में आज धनतेरस का त्योहार श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। पांच दिवसीय दीपावली पर्व की शुरुआत धनतेरस से होती है। इस दिन भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा–अर्चना का विशेष महत्व है। मान्यता है कि धनतेरस पर नई वस्तुओं, विशेषकर सोना–चांदी, बर्तन और धातु की वस्तुओं की खरीदारी करना शुभ होता है। धनतेरस के अवसर पर बाजारों में सुबह से ही रौनक देखने को मिल रही है। सर्राफा बाजारों से लेकर बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सजावटी सामान की दुकानों पर खरीदारों की चहल–पहल बनी हुई है।

मुख्य समाचार एक बार फिर–

- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज प्रदेश को एक हजार 475 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात दी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड फिल्म नीति–2024 के तहत वर्ष 2024 और 2025 के लिए चयनित फिल्मों और कलाकारों को फिल्म पुरस्कार दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी।
- 39वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियों के तहत उत्तराखंड के खिलाड़ियों के लिए दीपावली के बाद विशेष प्रशिक्षण शिविर होंगे शुरू; बेहतर प्रदर्शन के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी आवश्यक सुविधाएं।
- **और,** दीपावली से पहले बागेश्वर में खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने मिठाइयों और खाद्य तेल की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल लिए।